दिनांकः 27.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव में पहले चरण की सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन–कल होगी पर्चों की जांच।
- प्रदेश में कुल 53 हजार 126 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे–1 हजार 370 होंगे सहायक मतदान केन्द्र।
- एसीबी ने जयपुर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रवर्तन अधिकारी को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।
- राज्य में गर्मी का असर बढ़ा–चार शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार।

○ -------------

लोकसभा चुनाव में पहले चरण की सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन है। प्रदेश की 12 सीटों के लिए अब तक 40 प्रत्याशियों ने 50 पर्चे भरे हैं। कल 31 उम्मीदवारों ने 40 नाम निर्देशन पत्र पेश किये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कल श्रीगंगानगर से 3, चूरू से 1, सीकर से 5, जयपुर ग्रामीण से 3, जयपुर शहर से 8, अलवर से 4 भरतपुर से 2, दौसा से 3 और नागौर से 2 प्रत्याशियों ने अपने नामाकन पत्र प्रस्तुत किए। अब तक जयपुर लोकसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा 10 प्रत्याशियों ने 11 नामांकन पेश किये हैं। वहीं करौली–धौलपुर सीट से एक भी पर्चा नहीं भरा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज नामांकन का आखिरी दिन होने के कारण काफी संख्या में नाम निर्देशन पत्र पेश किये जाएंगे।

-------------

कल नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

-------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज विभिन्न भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैलियों में शामिल होंगे। वे जयपुर शहर से पार्टी उम्मीदवार मंजू शर्मा की नामांकन रैली में शिरकत करेंगे। इसके बाद उनका अलवर में भूपेन्द्र यादव और करौली में इंदु जाटव की नामांकन रैली तथा जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

उधर, बीकानेर में लोकसभा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के नामांकन और जनसभा कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी शामिल होंगे।

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा चूरू से पार्टी प्रत्याशी राहुल कस्वां और बीकानेर में गोविंदराम मेघवाल की नामांकन रैली में सम्मिलित होंगे।

-------------

प्रदेश में अब 53 हजार 126 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने 275 सहायक मतदान केन्द्रों का अनुमोदन किया है। पहले चरण में 1 हजार 95 सहायक मतदान केन्द्रों सहित प्रदेश में अब कुल 1 हजार 370 सहायक मतदान केंद्र होंगे। सहायक मतदान केन्द्र उन स्थानों पर बनाए जाएंगे, जहां मतदाताओं की संख्या 1 हजार 450 से ज्यादा है। ये बूथ मूल मतदान केन्द्रों के साथ उसी भवन में बनाए जाएंगे। जिससे वोट डालने के लिए लोगों को अधिक समय तक कतार में खड़े रहने की जरूरत नहीं रहेगी।

-------------

प्रदेश में होम वोटिंग पहल के तहत अब तक 58 हजार से अधिक पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण करवाया है। लोकसभा चुनाव में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन मतदाता घर बैठे वोट डाल सकेंगे। इनमें 43 हजार से ज्यादा वरिष्ठ नागरिक और 14 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन विभाग की विशेष टीमें राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में पंजीकृत मतदाताओं के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट के जरिए 5 अप्रैल से मतदान करवाएंगी।

-------------

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये चित्तौड़गढ़ से हमारे एक श्रोता का संदेश –

-------------

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की टीम ने जयपुर में एक प्रवर्तन अधिकारी दीपक बड़जात्या को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय से पकड़ा गया है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपित ने ये राशि एक फर्म के कर्मचारियों की ईपीएफ रिपोर्ट तैयार करने के एवज में मांगी थी। प्रवर्तन अधिकारी के आवास से नौ लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। कार्रवाई जारी है।

-------------

बीकानेर में पुलिस ने कल तीन अलग–अलग स्थानों से भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि ये कार्रवाई नोखा इलाके में की गयी और बरामद मादक पदार्थों की कीमत करीब ढाई करोड़ रुपये से अधिक है। वहीं प्रतापगढ़ के छोटी सादड़ी में एक ट्रक से 160 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया।

-------------

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के 22 चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लगातार निरीक्षण और निर्देशों के बावजूद इन संस्थानों में दवाइयों की उपलब्धता नहीं होने पर ये नोटिस भेजा गया है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी सहित अन्य अधिकारी चिकित्सा संस्थानों का लगातार जायजा ले रहे हैं। दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं करने वाले संस्थानों को तीन दिन के भीतर इसका जवाब देना होगा।

-------------

भरतपुर जिले के रूपवास क्षेत्र में कल एक ट्रैक्टर ट्रॉली और मोटर साइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दम्पत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। उधर, भीलवाड़ा के मांडल इलाके में रेलगाड़ी की चपेट में आने से भी दम्पत्ति की मौत हो गई। वहीं बूंदी जिले के तालेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर एक कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी कार से टकराते हुए नाले में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गयी।

-------------

राज्य में गर्मी का असर बढ़ गया है। कल चार शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। फलौदी में पारा 41 दशमलव 2 डिग्री रहा। वहीं बाड़मेर में 40 दशमलव 5, जैसलमेर में 40 दशमलव 2 और जालौर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा डूंगरपुर, जोधपुर और कोटा में भी पारा 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।
इस बीच, चूरू में कल देर रात कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। उधर, हनुमानगढ़ में आज सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश का दौर जारी है।
मौसम विभाग ने आज कुछ जगह अधिकतम तापमान में बढोतरी की संभावना जताई है। हालांकि श्रीगंगानगर और चूरू में आज गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो दिनों में बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

-------------